05-10-2015

Page 03

आज दि. 05 अक्टूबर 2015 को IQAC कक्ष में IQAC की प्रथम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्राचार्य सहित निम्न सदस्य गण उपस्थित रहे।

(1) डा. सतीश कुमार अग्रवाल, प्राचार्य
(2) डा. मदन मोहन जोशी, संयोजक
(3) डॉ. आशुतोष लाल, सदस्य
(4) श्री ए.के. श्रीवास, सदस्य
(5) श्री प्रिंस मिश्रा, सदस्य
(6) श्री पी. एन. वर्मा, सदस्य
(7) श्री आदर्श शर्मा (अध्यक्ष छात्रसंघ), सदस्य
(8) श्री एस के एस पवार, सदस्य

कार्यसूची: (i) IQAC के कार्य पर विचार
(ii) विकास मूलक योजनाएँ
(iii) अन्य विचार विमर्श (फीडबैक का प्रारंभ)

बैठक के प्रारंभ में संयोजक डा. एम. एम. जोशी ने IQAC के गठन पर सभी को बधाई दी एवं कहा कि NAAC के अनुसार IQAC का गठन एक बड़ा कदम है। उन्होंने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए महाविद्यालयीन विकास हेतु सकारात्मक सुझाव देने की अपील की।

संयोजक, डा. जोशी ने यह भी बताया कि IQAC एक महत्वपूर्ण शाखा है जिसके द्वारा महा. के गुणात्मक सुधार के साथ साथ अधोसंरचना संबंधी सुधार मूलक कार्य हेतु योजना बनाई जा सकती है।

सभी उपस्थित सदस्यों ने आश्वासन दिया कि गुणात्मक विकास के हर संभव प्रयास किए जाएँगे ताकि NAAC मूल्यांकन के पश्चात महा. की प्रतिष्ठा में और वृद्धि हो।

इस बैठक में निम्न सुझाव/प्रस्ताव रखे गए -

(i) महा. में Bio Matrix लगाया जाए ताकि समय के अनुशासन

का कड़ाई से परिपालन सुनिश्चित हो।
(2) छात्रों एवं छात्राओं के प्रसाधन कक्ष का सुधार कार्य भी सुनिश्चित हो।
(3) फीडबैक (छात्रों से) लेना प्रारंभ किया जाए।
डा. जोशी ने बताया कि चूंकि इन खर्चों हेतु शासन से कोई वित्तीय सहायता उपलब्ध नहीं है अतः जन भागीदारी समिति के माध्यम से उक्त कार्य कराने का प्रयास किया जाएगा। समिति को इस बात की भी जानकारी दी गई कि छात्र-छात्रा के प्रसाधन कक्ष के सुधार के अलावा स्टाफ रूम में महिला/पुरुष प्रसाधन कक्ष एवं प्राचार्य कक्ष के जीर्णोद्धार हेतु जनभागीदारी समिति के माध्यम से कार्यवाही प्रारंभ हो चुकी है।
डा. जोशी ने यह भी कहा कि BioMatrix हेतु प्रस्ताव को आज होने वाली जनभागीदारी समिति की बैठक में रखा जाएगा।
अन्य विचार विमर्श पर सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि सभी विभाग NAAC की तैयारी हेतु अपने प्रयास प्रारंभ करेंगे तथा आवश्यक अभिलेखों का संधारण प्रारंभ करेंगे।
इन्हीं विचारों के साथ IQAC के प्रथम बैठक के समाप्ति की घोषणा की गई।

(प्राचार्य)
Principal
Govt. M.D.P. College
Katghora, Distt.-Korba (C.G.)

5/10/15
(डा. एम.एम. जोशी)
Co-ordinator

20/1/2016

Page 07

आज दि. 20.01.2016 को IQAC समिति की एक बैठक IQAC कक्ष में आयोजित की गई। इस बैठक में निम्न सदस्यगण उपस्थित हुए।

1. डा. सतीश अग्रवाल, प्राचार्य - [signature]
2. डा. मदन मोहन जोशी, संयोजक [signature]
3. डा. आशुतोष लाल, सदस्य - [signature]
4. श्री ए के श्रीवास, सदस्य - [signature]
5. श्री एस के एस पवार, सदस्य - [signature]
6. श्री पी. एन. वर्मा, सदस्य - [signature]
7. श्री आदर्श शर्मा (अध्यक्ष, छात्र संघ) सदस्य - [signature]
8. श्री प्रिंस कुमार मिश्र, सदस्य - [signature]

कार्यसूची - (1) गत बैठक के निर्णयों के क्रियान्वयन की जानकारी एवं पुष्टि।
(2) एकेडमिक ऑडिट पर विचार
(3) नैक की तैयारियां
(4) अन्य सुझाव

(1) सर्वप्रथम दि. 5.10.15 को संपादित प्रथम बैठक के क्रियान्वयन की जानकारी सभी माननीय सदस्यों को दी गई। समन्वयक डा. जोशी ने बताया कि जनभागीदारी मद से छात्र/छात्रा प्रसाधन कक्ष, प्राध्यापक प्रसाधन कक्ष, प्राचार्य कक्ष का उन्नयन, विभागों का निर्माण कार्य RES के माध्यम से प्रगति पर है। सभी सदस्यों ने इस बात पर हर्ष व्यक्त किया।

(2) समन्वयक ने बताया कि छात्रों के द्वारा फीडबैक दिया जाना अति आवश्यक है। यह फीडबैक अध्यापक, अध्यापन विधि, कोर्स की पूर्णता एवं प्राध्यापक की अध्यापन शैली पर किया जाना है। उन्होंने बताया कि इसी सत्र से यह फीडबैक फार्म छात्रों से भरवाना प्रस्तावित है। कम से कम 5-10% छात्रों के द्वारा यह फीडबैक लिया जाना है।

सभी विभाग इन प्राप्त फीडबैक का स्वमूल्यांकन कर प्राचार्य को प्रतिवेदन देंगे। इस हेतु एक अनुसूची भी बनाई जाएगी जिससे छात्रों को फीडबैक भरने में आसानी हो।

उपस्थित सभी सदस्यों ने इसी अकादमिक सत्र से यह फीडबैक फार्म भरवाना शुरू करने की अपेक्षा जाहिर की। साथ ही विभागीय ऑडिट भी फरवरी-मार्च के माह में करवाने पर सहमति बनी।

(3) नैक प्रभारी डा. जोशी ने नैक तैयारियों पर चर्चा की। उन्होंने SSR प्रारंभ करने एवं होने वाली कठिनाइयों पर भी चर्चा की। प्राचार्य ने बताया कि महाविद्यालय की पूर्व में निर्मित Website का प्रकरण न्यायालय में लंबित है। सभी सदस्यों ने महाविद्यालय हित में शीघ्रातिशीघ्र इस प्रकरण को सुलझाने पर बल दिया।

नैक प्रभारी ने विगत 05 वर्षों के समस्त अभिलेखों के संधारण की बात कही। सभी ने एकस्वर में यह निर्णय लिया कि शीघ्र SSR पूर्ण कर 31 मार्च 2017 तक LOI नैक, बेंगलोर को प्रेषित की जाए।

(4) सदस्य डा. लाल ने बताया कि Alumni Cell के रजिस्ट्री की कार्यवाही प्रारंभ है। शीघ्र ही इसका विधिवत गठन कर लिया जाएगा। डा. जोशी ने कहा कि इस Cell का एक सदस्य भी NAAC के IQAC टीम में रखना अच्छा रहेगा।

अन्य कोई विषय न होने पर धन्यवाद के साथ बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

(प्राचार्य)
Principal
Govt. M.D.P. College
Katghora, Distt.-Korba (C.G.)

20/1/16
समन्वयक, IQAC.

05-07-2016

Page 11

आज दि 05-07-16 को IQAC कक्ष में IQAC की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में निम्न सम्मानित गण उपस्थित रहे -

1) डा. सतीश अग्रवाल - प्राचार्य - [signature]
2) डा. एम. एम. जोशी - समन्वयक - [signature]
3) डा. आशुतोष लाल, सदस्य - [signature]
4) श्री ए के श्रीवास, सदस्य - [signature]
5) श्री प्रिंस मिश्रा, सदस्य - [signature]
6) श्री एस के एस पवार, सदस्य - [signature]
7) श्री पी. एन. वर्मा, सदस्य - [signature]

कार्यसूची - (1) गत बैठक के निर्णयों की समीक्षा
(2) महा. website पर निर्णय
(3) Wi-fi सुविधा पर विचार
(4) अन्य विचार

(1) सर्वप्रथम गत बैठक के निर्णयों की समीक्षा की गई। IQAC समन्वयक ने feedback फार्म/अकादमिक ऑडिट संचालित किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया। इस वर्ष छात्रों से feedback फार्म भरवाए गए एवं विभागीय अकादमिक ऑडिट भी किया गया।

(2) प्राचार्य डा. सतीश अग्रवाल ने जानकारी दी कि website का न्यायालयीन प्रकरण खत्म हो गया है। अब शीघ्र ही नवीन website का निर्माण किया जाना है। इस पर जनभागीदारी प्रभारी डा. जोशी ने आश्वासन दिया कि ज.भा.स. की आगामी बैठक में website निर्माण के भुगतान की व्यवस्था ज.भा. मद से करवाने की कोशिश की जाएगी।

(3) CHiPS द्वारा महाविद्यालय में Wifi हेतु 05 hotspots बनाने की सुविधा दिए जाने पर सभी ने हर्ष व्यक्त किया। इस

कार्य हेतु डा. एम. एम. जोशी को अधिकृत किया गया कि 10 MBPS की सुविधा हेतु वे प्रयास करें।

डा. जोशी ने बताया कि यह सुविधा BSNL के Optical Fibre से संभव होगी। इस हेतु उन्हें निर्धारित शुल्क प्रदाय करना होगा। डा. जोशी ने यह शुल्क ज.भा.समिति के मद से छात्र हित में अनुमोदित किए जाने के प्रयासों की चर्चा की।

(4) अन्य विचार में यह सुझाव भी प्राप्त हुआ कि प्रथम वर्ष के छात्रों से पर्यावरण प्रायोगिक के समय 05 छात्र मिलकर संयुक्त रूप से पौधा युक्त एक गमला महा. को प्रदान करेंगे। इसकी देखरेख भी छात्र स्वयं करेंगे। सभी सदस्यों ने इस पर्यावरण संरक्षण की पहल का स्वागत किया।

इस तरह धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक संपन्न हुई।

Principal,
Govt. M.D.P. College
Katghora, Distt.-Korba (C.G.)

डा. ... 
समन्वयक, IQAC

आज दि. 05-09-2017 को प्राचार्य कक्ष में IQAC की एक बैठक आयोजित की गई।
इस बैठक में निम्न अधिकारी / सदस्य उपस्थित रहे-

(1) डा. एस.के. अग्रवाल, प्राचार्य -
(2) डा. मदनमोहन जोशी, समन्वयक -
(3) श्री ए.के. श्रीवास, सदस्य -
(4) श्री प्रिंस मिश्रा, सदस्य -
(5) श्री सुरेश कुमार सिंह पवार, सदस्य -
(6) श्री प्रेमनारायण वर्मा, सदस्य -

एजेन्डा : (1) विगत बैठक के निर्णयों की संपुष्टि
(2) वाई-फाई सुविधा पर विचार
(3) प्राचार्य की अनुमति से अन्य विचार

(1) विगत बैठक दि. 05-07-16 में पारित निर्णयों की समीक्षा के साथ संपुष्टि की गई। वेबसाइट के क्रियाशील होने पर सभी सदस्यों ने आभार ~~सह~~ एवं हर्ष व्यक्त किया। साथ ही पर्यावरण प्रथम वर्ष के छात्रों से प्रोजेक्ट के रूप में गमला लगाने के निर्णय की सराहना की गई। श्री प्रिंस मिश्रा ने वाणिज्य संकाय के छात्रों की ओर से स्वच्छता हेतु Dustbin प्रदान करने की बात की जिसकी सभी ने प्रशंसा की।

(2) समन्वयक डा. एम. एम. जोशी ने वाई-फाई सुविधा की जानकारी देते हुए बताया कि BSNL की optical fibre line क्षतिग्रस्त हो चुकी है। BSNL के अधिकारियों ने NMEICT के तहत नई फाइबर लाइन बिछवाने के आग्रह को अस्वीकार करते हुए बताया कि इसमें अत्यधिक लागत आएगी।
श्री प्रेमनारायण वर्मा ने सुझाव दिया कि क्यों न जियो कंपनी से बात की जाए। इस पर डा. जोशी ने आश्वासन

दिया कि जियो अधिकारियों से बात की जाएगी। जियो से बात करके कुछ free wi-fi spots परिसर एवं ग्रंथालय में लगाने पर भी सहमति बनी।

(3) प्राचार्य ने सभी से अकादमिक कैलेन्डर का दृढ़ता से पालन करने का निर्देश दिया।

अन्य कोई प्रस्ताव न आने पर धन्यवाद ज्ञापन के साथ मीटिंग समाप्ति की घोषणा की गई।

(हस्ताक्षर)
(प्राचार्य) Principal
Govt. M.D.P. College
Katghora, Distt.-Korba (C.G.)

(हस्ताक्षर)
(समन्वयक, IQAC)

आज दि. 04 जनवरी 2018 को IQAC की एक आंतरिक बैठक प्राचार्य कक्ष में आयोजित की गई। इस बैठक में निम्न अधिकारी / सदस्य उपस्थित हुए

(1) डा. सतीश कुमार अग्रवाल, प्राचार्य
(2) डा. मदनमोहन जोशी, समन्वयक -
(3) श्री अशोक कुमार श्रीवास, सदस्य -
(4) श्री प्रिंस मिश्रा, सदस्य -
(5) श्री सुरेश कुमार सिंह पवार, सदस्य -
(6) श्री प्रेम नारायण वर्मा, ग्रंथपाल -

कार्यसूची : (1) महा. में नैक मूल्यांकन शीघ्र करवाने पर विचार
(2) प्राचार्य की अनुमति से अन्य विषय

(1) सर्वप्रथम दि. 05.09.2017 को IQAC की हुई बैठक के निर्णयों का वाचन किया गया। सभी उपस्थित सदस्यों ने इस पर हर्ष व्यक्त किया।

(2) समन्वयक डा. जोशी ने सभी को बताया कि पुराने मूल्यांकन विधि से IEQA एवं SSR बनाई जा चुकी थी। LOI भी स्वीकृत हो चुका था तथा SSR महा. की website में upload की जा चुकी थी। किन्तु IEQA अस्वीकृत होने की दशा में मूल्यांकन नहीं करवाया जा सका।

डा. जोशी ने यह भी जानकारी दी कि मूल्यांकन की विधि परिवर्तित हो गई है। अब ICT के अनुरूप SSR को पुनः तैयार किया जाना है।

डा. जोशी ने यह भी बताया कि 4-5 माह की अवधि में SSR पुनः तैयार कर ली जायेगी। इस हेतु सभी विभागों से व्यापक सहयोग अपेक्षित है। समन्वयक ने सभी सदस्यों को SLQAC (राज्यशासन) से हुए पत्राचार की भी जानकारी

प्रदान की।

सभी उपस्थित सदस्यों ने नवीन प्राविधि से SSR बनाने हेतु IQAC को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। डा. जोशी ने सभी विभागों हेतु निर्देश जारी करते हुए विगत 4-5 वर्षों के क्रिया-कलाप एवं उपलब्धियों की तथ्यात्मक एवं साक्ष्य सहित जानकारी संकलित करने पर जोर दिया।

(3) प्राचार्य डा. सतीश अग्रवाल ने IQAC में बाह्य विशेषज्ञों को शीघ्र शामिल करने पर बल दिया और निर्देशित किया कि IQAC का शीघ्र विस्तार आवश्यक है।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ मीटिंग समाप्त की गई।

(signature) 4.1.18
(समन्वयक IQAC)

(signature)
प्राचार्य
Principal
Govt. M.D.P. College
Katghora, Distt.-Korba (C.G.)

आज दिनांक 04 दिसम्बर 2018 को IQAC की बैठक प्राचार्य कक्ष में आयोजित की गई। इस बैठक में निम्न अधिकारी/सदस्य उपस्थित रहे।

1 डा० सतीश कुमार अग्रवाल, प्राचार्य
2- डा० मदन मोहन जोशी समन्वयक
3- श्री अशोक कुमार श्रीवास सदस्य
4- श्री यशवंत जायसवाल सदस्य
5- तिलेश्वरी (छात्र संघ अध्यक्ष) सदस्य
6- श्री राजीव लोचन पाल (भूत-छात्र) सदस्य
7 श्री ओम प्रकाश साहु (पालक सदस्य) सदस्य
8 श्री प्रिंस मिश्रा (सदस्य)
9 डा- एलिजा (सदस्य)

Principal
Govt. M.D.C. College
Katghora, Distt.-Korba (C.G.)

कार्य सूची :-
1 IQAC का गठन एवं कार्यवाही
2- महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों हेतु कम्प्यूटर का ज्ञान अनिवार्य-

1-> महाविद्यालय में प्राचार्य के दिशानिर्देशानुसार IQAC का गठन पुनः दिनांक 07.08.2018 को किया गया। जिसमें प्राचार्य, IQAC समन्वयक, महाविद्यालय के अध्यापकगण के साथ सदस्य के रूप में निर्वाचित छात्र संघ अध्यक्ष, भूतपूर्व सदस्य श्री राजीव लोचन पाल तथा पालक सदस्य के रूप में श्री ओम प्रकाश साहु को IQAC का सदस्य के रूप में लिया गया। छात्र संघ अध्यक्ष सदस्य प्रतिवर्ष मनोनीत या चुने गये अध्यक्ष के रूप में रहेंगे।

2-> महाविद्यालय के प्राध्यापकों तथा कर्मचारियों हेतु कम्प्यूटर का ज्ञान अति आवश्यक है। इसके लिये सभी अध्यापकों एवं कर्मचारियों को कम्प्यूटर की शिक्षा के लिये अभिप्रेरित किया गया। जिससे अध्यापन कार्य सुचारु रूप से छात्र-छात्राओं को कराया जा सके एवं। साथ ही साथ महाविद्यालय में खराब पड़े सभी कम्प्यूटरों को

मरम्मत करवाकर अधिकारियों तथा कर्मचारियों के प्रयोग के लिये दिया जाये।

प्रभारी
**Principal**
Govt. M.D.P. College
Katghora, Distt.-Korba (C.G.)

08/12/2018
(समन्वयक IQAC)

आज दि. 08.02.2019 को IQAC की एक समीक्षा बैठक IQAC कक्ष में आयोजित की गई। इस बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहे,

(1) डा. सतीश कुमार अग्रवाल, प्राचार्य -
(2) डा. मदन मोहन जोशी, समन्वयक -
(3) श्री प्रेमनारायण वर्मा, सदस्य -
(4) श्री यशवंत जायसवाल, सदस्य -
(5) श्री अशोक कुमार श्रीवास, सदस्य -
(6) श्री राजीव लखनपाल, भू.पू. छात्र सदस्य -
(7) श्री प्रिंस मिश्रा (विशेष आमंत्रित) -

कार्य सूची (i) सत्र 16-17 से 18-19 तक छात्रों से प्राप्त फीडबैक की समीक्षा
(ii) प्राध्यापकों से फीडबैक पर विचार
(iii) आंतरिक प्रशासनिक एवं अकादमिक ऑडिट फीडबैक की समीक्षा

1. दि. 20.01.2016 की बैठक में छात्रों से फीडबैक लेने एवं विश्लेषण कर प्रतिवेदन IQAC में जमा करने पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। सत्र 16-17 से सत्र 18-19 तक का प्रतिवेदन विश्लेषण जमा करने हेतु सभी को निर्देशित करने कहा गया।

2. चूंकि महा. की website में तकनीकी समस्या थी अत: 16-17 से 18-19 तक के प्रतिवेदन एवं ATR को अपलोड नहीं किया गया है, अत: निर्णय लिया गया कि इसे अविलंब website पर अपलोड किया जावे।

3. सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि सत्र 18-19 से प्राध्यापकों से भी पठन-पाठन पर feedback लिया जावे।

4. आंतरिक प्रशासनिक एवं अकादमिक ऑडिट का प्रतिवेदन एवं इसका विश्लेषण कर ATR को website में अपलोड किया जावे। साथ ही इसका विश्लेषण अगली IQAC की बैठक में प्रस्तुत किया जावे।

अन्य कोई प्रस्ताव न होने पर मीटिंग समाप्ति की घोषणा की गई।

प्राचार्य
Principal
Govt. Mukutdhar Pandey College
Katghora, Distt.-Korba (C.G.)

08/02/19
(डा. एम. एम. जोशी)
समन्वयक IQAC

Date 07/12/2019

आज दि. 07 दिसंबर 2019 को IQAC की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहे-

(i) डा. सतीश कुमार अग्रवाल, प्राचार्य
(ii) डा. एम. एम. जोशी IQAC समन्वयक
(iii) श्री यशवंत जायसवाल, सदस्य
(iv) श्री अशोक श्रीवास, सदस्य
(v) श्री राजीव नरकपाल, भू.पू. छात्र सदस्य -
(vi) श्री प्रेम नारायण वर्मा, सदस्य -
(vii) श्री प्रिंस मिश्रा (विशेष आमंत्रित) -

कार्यसूची : फीडबैक से प्राप्त प्रस्तावित सुधार पर चर्चा

(A) सर्वप्रथम 08.02.2019 की बैठक के निर्णयों की पुष्टि की गई।

(B) छात्रों से प्राप्त फीडबैक का विश्लेषण कर निम्न बिंदु सामने रखे गए-
(i) अधिक कक्षाओं में ICT का प्रयोग किया जाए।
(ii) प्राध्यापकों हेतु अलग से wifi सुविधा प्रदान की जाए।
(iii) नवीन कक्षों में भी सुरक्षा हेतु CCTV लगवाए जाएँ
(iv) 10 नए कम्प्यूटरों का क्रय किया जाए।

(C) फीडबैक की रिपोर्ट पर बात करते हुए प्राचार्य महोदय ने बताया कि ICT अध्ययन एवं कम्प्यूटरों के क्रय हेतु शासन से कोई आबंटन प्राप्त नहीं होता है। इसे जनभागीदारी समिति के माध्यम से ही करवाया जाना है। चूंकि अभी नई ज. भा. समिति का गठन नहीं हुआ है, अतः जैसे ही नई समिति का गठन होगा उपरोक्त कार्य हेतु प्रस्ताव रखे जाएँगे।

(D) समन्वयक डा. जोशी ने बताया कि BSNL fibre की लाइन हेतु आवेदन करना प्रस्तावित है। इससे अधिक स्पीड (अधिक राउटर लगाकर) मिलने लगेगी।

(E) ICT के अधिकाधिक प्रयोग हेतु सभी प्राध्यापकों को प्रोत्साहित किया गया।

अन्य प्रस्ताव न आने पर बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

प्राचार्य
Principal
Govt. Mukutdhar Pandey College
Katghora, Distt.-Korba (C. G.)

7/12/19
(समन्वयक)
IQAC

आज दि. 28 फरवरी 2020 को IQAC की एक समीक्षा बैठक रखी गई। इसमें निम्न सदस्यों की उपस्थिति दर्ज की गई,

(i) डा. सतीश अग्रवाल, प्राचार्य
(ii) डा. मदनमोहन जोशी, IQAC
(iii) श्री प्रिंस मिश्रा, सदस्य -
(iv) श्री अशोक श्रीवास, सदस्य -
(v) श्री प्रेमनारायण वर्मा, सदस्य -
(vi) श्री यशवंत जायसवाल -
(vii) श्री ओम प्रकाश साहू (पालक सदस्य) -

एजेन्डा : 28/2/2020 को आयोजित ज.भा. समिति द्वारा लिए गए निर्णयों की जानकारी।

(i) समन्वयक डा. एम. एम. जोशी ने जानकारी प्रदान की कि ज.भा. समिति का गठन हो चुका है। इसकी प्रथम बैठक 28/2/2020 को आयोजित की गई।

(ii) पूर्व बैठक के निर्णय अनुसार जनभागीदारी समिति के समक्ष कुछ कार्य जो कि IQAC द्वारा प्रस्तावित थे, उन्हें रखा गया। ये निम्नानुसार थे =

(i) छात्रों हेतु प्रवेश द्वार पर हेल्प डेस्क का निर्माण
(ii) कम्प्यूटर लैब के उन्नयन का प्रस्ताव
(iii) बिगड़े कम्प्यूटर का सुधार कार्य
(iv) 10 नए कम्प्यूटर क्रय का प्रस्ताव
(v) 10 नए CCTV + DVR (नवीन कक्ष) हेतु
(vi) महा. का रंग रोगन
(vii) छात्राओं हेतु Sanitary wending machine + Destroyer

(iii) जनभागीदारी समिति ने पूरी सहृदयता से उपरोक्त

सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

(iv) IQAC ने उक्त प्रयास हेतु जनभागीदारी समिति का आभार व्यक्त किया एवं बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

प्राचार्य
**Principal**
Govt. Mukutdhar Pandey College
Katghora, Distt.-Korba (C. G.)

28/2/2020

20/10/2020

आज दि. 20 अक्टूबर, मंगलवार को कोविड प्रोटोकॉल का पूर्ण पालन करते हुए IQAC की एक बैठक आयोजित की गई। इसमें निम्न सदस्यगणों की उपस्थिति रही-

(i) डा. सतीश अग्रवाल, प्राचार्य - [signature]

(ii) डा. मदनमोहन जोशी - [signature]

(iii) श्री ओमप्रकाश साहू (पालक सदस्य) - [signature]

(iv) श्री यशवंत जायसवाल (सदस्य) - [signature]

(v) श्री प्रेमनारायण वर्मा (सदस्य) - [signature]

(vi) श्री अशोक श्रीवास (सदस्य) - [signature]

(vii) श्री प्रिंस मिश्रा (सदस्य) - [signature]

कार्यसूची : (i) विगत बैठक की पुष्टि
(ii) नैक प्रत्यायन एवं IIQA पर विचार
(iii) छात्र-फीड बैक पर चर्चा
(iv) अन्य कार्य

(i) सर्वप्रथम 28 फरवरी को आयोजित बैठक के निर्णय सभी सदस्यों को बताए गए। साथ ही समन्वयक ने कोविड काल में सभी को स्वस्थ रहने की शुभकामनाएं भी दीं।

(ii) IQAC ने अपने प्रतिवेदन में जानकारी दी कि 2017 में पुराने तरीके से NAAC मूल्यांकन का कार्य प्रारंभ किया गया था। वर्तमान में नैक मूल्यांकन की प्रक्रिया में काफी बदलाव हो चुका है।

महाविद्यालय ने नवीन प्रक्रिया के तहत 31 मार्च 2021 तक का समय IIQA जमा करने हेतु रखा है। साथ ही Self Study Report की भी अग्रिम तैयारी की जानी है।
सभी सदस्यों ने पूर्ण सहयोग की प्रतिबद्धता दुहराई।

(iii) चूंकि इस वर्ष लॉक डाउन की प्रक्रिया से भौतिक अध्यापन बाधित रहा एवं महा. काफी अवधि तक बंद था, अतः छात्रों से ऑनलाइन फीड बैक प्राप्त किया गया। श्री प्रेमनारायण वर्मा जी ने इस रिपोर्ट को संकलित किया। छात्रों की तरफ से निम्न सुझाव प्राप्त हुए -

(a) महा. में कम्प्यूटर कोर्स प्रारंभ हो।
(b) रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जाएं।
(c) शिक्षा एवं स्वच्छता पर छात्रों की सहभागिता हो।
(d) शिक्षकों की व्यवस्था की जाए।

इसके अतिरिक्त अन्य सुझाव भी छात्रों के द्वारा प्रस्तुत किए गए। इस पर विचारोपरान्त निम्न निर्णय IQAC की तरफ से लिया गया -

→ शीघ्र ही कम्प्यूटर लैब की स्थापना की जाएगी
→ लैब स्थापना उपरान्त PGDCA / DCA जैसे रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम महा. में प्रारंभ किए जाएं।
→ शिक्षकों की व्यवस्था चूंकि शासन स्तर पर होनी है अतः कोविड के उपरान्त इस पर कार्यवाही की जाए।

सभी सदस्यों ने उपरोक्त कार्य निष्पादन पर बल दिया।

(iv) अन्य कोई प्रस्ताव न आने पर धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त की गई।

प्राचार्य
प्राचार्य
शा. मुकुटधर पांडेय महाविद्यालय
कटघोरा (छ. ग.)

Govt. Mukutdhar Pandey College * Katghora (C.G.) *

समन्वयक
20/10/2020

Date 03/04/2021

आज दि. 03/04/21 को आई.क्यू.ए.सी. की एक बैठक महा. के प्राध्यापक कक्ष में आयोजित की गई। इसमें निम्न सदस्य गण उपस्थित हुए-

(i) डा. सतीश अग्रवाल, प्राचार्य - [signature]

(ii) श्री अशोक श्रीवास, सदस्य - [signature]

(iii) श्री प्रिंस कुमार मिश्रा, सदस्य - [signature]

(iv) श्री यशवन्त जायसवाल, सदस्य - [signature]

(v) श्री प्रेमनारायण वर्मा, सदस्य - [signature]

(vi) श्री राजीव लखनपाल, भू.पू.छात्र - [signature]

(vii) डा. मदनमोहन जोशी, - [signature]

कार्यसूची - (i) IIQA जमा करने की सूचना
(ii) गत बैठक के निर्णयों की पुष्टि
(iii) अन्य कोई विचार

(i) सर्वप्रथम प्राचार्य महोदय ने सभी उपस्थित सदस्यों को जानकारी दी कि 30/03/21 को महा. का IIQA जमा किया जा चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि UGC के अभिलेखों में महा. के नाम परिवर्तन, प्रक्रियाधीन है। साथ ही उन्होंने आवश्यकता पड़ने पर नई दिल्ली UGC मुख्यालय जाकर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु डा. एम. एम. जोशी, नैक समन्वयक को अधिकृत किया।
डा. एम. एम. जोशी ने बताया कि IIQA जमा करने के पश्चात इसकी स्वीकृति आवश्यक है। उसके बाद ही SSR को

अपलोड किया जा सकेगा। यद्यपि उन्होंने अभी से SSR के संबंध में कार्यवाही शुरू किए जाने की सूचना दी।

(ii) गत बैठक में लिए गए निर्णयों पर चर्चा हुई। प्राचार्य ने जानकारी दी कि कम्प्यूटर लैब बनाने एवं 20 नए कम्प्यूटर क्रय की कार्यवाही जनभागीदारी समिति के सहयोग से प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि नेक कार्य हेतु ज.भा. समिति हर तरह से सहयोग करने को तत्पर है।

(iii) अन्य कोई विषय न होने पर सधन्यवाद बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

प्राचार्य
प्राचार्य
शा.मुकुटधर पांडेय महाविद्यालय
कटघोरा (छ. ग.)

3/4/21

Govt. Mukutdhar Pandey College * Katghora (C.G.) *

आज दि. 08.12.2021 को IQAC की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित हुए -

(i) डा. सतीश कुमार अग्रवाल, प्राचार्य - [signature]

(ii) श्री संजय अग्रवाल, अध्यक्ष, ज.भा. समिति - [signature]

(iii) श्री राजीव लखनपाल, भू. पू. छात्र - [signature]

(iv) श्री ओम प्रकाश साहू - पालक सदस्य - [signature]

(v) श्री अभिषेक अग्रवाल, C.A. - भू. पू. छात्र - Abhishek

(vi) श्री अमन पान्डेय - छात्र प्रतिनिधि - अमन पाण्डेय

(vii) श्री अशोक श्रीवास - सदस्य - [signature]

(viii) श्री प्रिंस कुमार मिश्रा - सदस्य - [signature]

(ix) श्री यशवंत जायसवाल, सदस्य - [signature]

(x) श्री प्रेमनारायण वर्मा, ग्रंथपाल, सदस्य - [signature]

(xi) डा. मदनमोहन जोशी, सदस्य - [signature]

कार्यसूची : (i) नवगठित IQAC सदस्यों का स्वागत
(ii) NAAC तैयारियों पर चर्चा
(iii) अन्य कोई विचार

(i) प्राचार्य डा. सतीश अग्रवाल ने सर्वप्रथम नवगठित IQAC

के सदस्यों का स्वागत किया। इनमें ज.भा. अध्यक्ष श्री संजय अग्रवाल, एल्यूमनाई के सदस्य श्री राजीव लखनपाल, श्री अभिषेक अग्रवाल, C.A., छात्र प्रतिनिधि श्री अमन पान्डेय प्रमुख रहे।

(ii) डा. मदनमोहन जोशी ने जानकारी दी कि IIQA जमा होने के पश्चात् महा. के नाम परिवर्तन (UGC) में विलंब हुआ। सतत प्रयास से UGC में महा. का नाम परिवर्तित हो गया। तत्पश्चात् 23.09.2021 को IIQA स्वीकृत किया गया।

IIQA स्वीकृति के उपरान्त SSR अपलोड करने की तैयारी युद्धस्तर पर की गई। 01.11.2021 को SSR सफलतापूर्वक NAAC की वेबसाइट में अपलोड किया जा चुका है।

डा. जोशी ने यह भी बताया कि शीघ्र DVV की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। तत्पश्चात् वेरिफिकेशन के पश्चात् SSR प्री-क्वालीफिकेशन की सूचना प्राप्त होगी।

उपस्थित सभी सदस्यों ने समस्त महा. परिवार को बधाई प्रेषित की।

डा. जोशी ने कौशल प्रशिक्षण हेतु MoU करने की कोशिश की जानकारी दी।

(iii) ज.भा. अध्यक्ष श्री संजय अग्रवाल ने आश्वासन दिया कि नैक की तैयारी में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी एवं ज.भा. समिति पूर्ण रूप से आर्थिक सहयोग प्रदान करेगी।

धन्यवाद ज्ञापन उपरान्त बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

Swagrawal (signature)
प्राचार्य
शा.मुकुटधर पांडेय महाविद्यालय
कटघोरा (छ. ग.)

(Stamp: Govt. Mukutdhar Pandey College * Katghora (C.G.) *)

(signature) 8/12/21

Date 21/02/2022

आज दिनाँक 21.02.2022 को IQAC की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित हुए -

(i) डॉ. सतीश कुमार अग्रवाल, प्राचार्य -

(ii) श्री संजय अग्रवाल, अध्यक्ष, जे. भा. समिति -

(iii) श्री राजीव लखनपाल, भू. पू. छात्र - Rajeev

(iv) श्री ओम प्रकाश साहू - पालक सदस्य - ओम

(v) श्री अभिषेक अग्रवाल, C.A. - भू. पू. छात्र -

(vi) श्री अमन पान्डेय . छात्र प्रतिनिधि - अमन पाण्डेय

(vii) श्री अशोक श्रीवास, सदस्य -

(viii) श्री प्रिंस कुमार मिश्रा, सदस्य -

(ix) श्री यशवंत जायसवाल, सदस्य -

(x) श्री प्रेमनारायण वर्मा, ग्रंथपाल, सदस्य -

(xi) श्री नूतन पाल कुर्रे, बाह्य विशेषज्ञ -

(xii) डॉ. मदनमोहन जोशी, सदस्य -

कार्यसूची -

(i) NAAC तैयारियों पर चर्चा

(ii) PEER TEAM visit की तैयारियों

(i) प्राचार्य डा. सतीश अग्रवाल ने सर्वप्रथम सभी सदस्यों का स्वागत किया।

(ii) NAAC के तैयारियों के संबंध में सभी विभागाध्यक्षों से चर्चा की गई। कार्य की पुर्णता की जाँच की गई एवं शेष बचे कार्य के लिए नियम समयानुसार पुर्ण करने के लिए प्राचार्य द्वारा विभागाध्यक्षों को आदेशित किया गया। विभागाध्यक्षों से चर्चा के उपरांत उनके विभागीय आवश्यकताओं का त्वरित निराकरण हेतु प्राचार्य का अभिमत मिला, जिससे NAAC की तैयारी को पुर्ण किया जा सके।

(iii) महाविद्यालय में NAAC visit का प्रस्तावित तिथि 21, 22 मार्च 2022 को NAAC के द्वारा घोषित है NAAC PEER Team के visit हेतु NAAC chairperson और Member आने, जाने और उनके ठहरने की व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की गई. NAAC PEER TEAM visit हेतु कार्यक्रमों की सूची डा. मदनमोहन जोशी के द्वारा प्रस्तावित की गई, जिसे सभी सदस्यों की सहमति प्राप्त हुई।

धन्यवाद ज्ञापन उपरांत बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

प्राचार्य
शा. मुकुटधर पांडेय महाविद्यालय
कटघोरा (छ. ग.)

21/02/2022

आज दिनाँक 01/04/2022 को IQAC की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित हुए-

1) डॉ. सतीश कुमार अग्रवाल, प्राचार्य - Sd/-
2) श्री संजय अग्रवाल, अध्यक्ष, ज.भा. समिति -
3) श्री राजीव लखनपाल, भू. पु. छात्र - Rajeev
4) श्री ओम प्रकाश साहू - पालक सदस्य - ओम
5) श्री अभिषेक अग्रवाल C.A., भूतपूर्व छात्र - [signature]
6) श्री अमन पांडेय, छात्र प्रतिनिधि - अमन पाडेय
7) श्री अशोक कुमार श्रीवास, सदस्य - [signature]
8) श्री प्रिंस कुमार मिश्रा, सदस्य - [signature]
9) श्री यशवंत जायसवाल, सदस्य -
10) श्री प्रेमनारायण वर्मा, ग्रंथपाल, सदस्य - [signature]
11) डॉ. मदनमोहन जोशी, सदस्य - [signature]

कार्यसूची :-

(i) NAAC PEER TEAM Report पर विचार विमर्श
(ii) NAAC हेतु आगे की कार्ययोजना पर विचार
(iii) रिपोर्ट के आधार पर कमजोर criteria पर विशेष ध्यान देने हेतु विचार विमर्श।

(i) प्राचार्य डॉ. सतीश अग्रवाल ने सर्वप्रथम सभी सदस्यों का स्वागत किया।

(ii) NAAC PEER Team Report महाविद्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समक्ष NAAC Report को प्रस्तुत किया गया सभी सातों चरण को क्रमबद्ध रूप से विचार-विमर्श किया गया तथा आगे की कार्ययोजना हेतु सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सुझाव मांगा गया जिससे आगामी NAAC में और बेहतर ग्रेड लाया जा सके।

(iii) NAAC हेतु आगे की कार्ययोजना के लिए आगामी AQAR को भरने के लिए महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों से जानकारी मांगी गयी।

(iv) NAAC रिपोर्ट के आधार पर भिन्न-भिन्न पहलुओं में शून्य और औसत से कम अंक प्राप्त करने वाले criteria के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। तथा यह निर्णय लिया गया कि शून्य या औसत से कम अंक प्राप्त वाले criteria पर विशेष ध्यान देकर आने वाले NAAC में सकारात्मक सुधार कर अच्छे ग्रेड लाने के लिए प्रेरित किया गया।

(v) Placement cell के द्वारा रोजगार मेला का आयोजन छात्रों के लिए महाविद्यालय स्तर में आयोजित करने हेतु प्रस्ताव दिया गया

(vi) महाविद्यालय में परिक्षेत्र स्तर खेलों का आयोजन कराया जाये।

प्राचार्य
शा. मुकुटधर पांडेय महाविद्यालय
कटघोरा (छ. ग.)

शा. मुकुटधर पांडेय महाविद्यालय कटघोरा (छ. ग.)

[signature] 01/04/22